RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

वर्ष- 11 अंक - 47 साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 31 दिसम्बर 2024 से 6 जनवरी 2025 तक पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रू.




# अंतरिक्ष में ISRO ने रचा इतिहास



Spadex की सफल लॉन्चिंग करने वाला चौथा देश बना भारत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज रात श्रीहरिकोटा से एक PSLV रॉकेट के जरिए अपने Spadex मिशन (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) को लॉन्च किया. इसरो इसे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में 'एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर' बताया है, माना जा रहा है कि इसरो के इस मिशन की सफलता ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनने और चंद्रयान-4 मिशन की सफलता को तय करेगा यही वजह है कि इस लॉन्चिंग को बेहद अहम माना जा रहा है।

## पहला नाम हो सकता है .....

### इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश

दूसरा नाम हो सकता है इस्लामिक खिलाफत ऑफ बांग्लादेश और तीसरा विकल्प सोचा गया है- इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईस्ट पाकिस्तान। इसे बांग्लादेश के इतिहास के साथ भद्दा मजाक नहीं तो और क्या कहेंगे.



जिस पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाले शहीदों की याद में शहीद मीनार बनाई गई, उसी शहीद मीनार से बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान का नाम जोड़ने की साजिश रची जाएगी इतना ही नहीं संविधान से सेकुलर कैरेक्टर को हटाकर बांग्लादेश में सुन्नत और शरिया को लागू किया जा सकता है बांग्लादेश का नाम बदलने के साथ ही साथ एक और साजिश यूनुस और उनके प्यादों ने रची है जिसका टारगेट है बांग्लादेश की सत्ता पर पूरी तरह कब्जा कर लेना. माना जा रहा है कि इस सभा के बाद बांग्लादेश के राष्ट्रपति से इस्तीफा मांगा जा सकता है. मोहम्मद यूनुस को नया राष्ट्रपति घोषित किया जा सकता है. राष्ट्रपति के साथ ही साथ आर्मी चीफ से भी जबरन इस्तीफा लिया जा सकता है और देशद्रोह के आरोपों का सामना कर चुके ब्रिगेडियर जनरल अमन आजमी को नया आर्मी चीफ बनाया जा सकता है.यानी बांग्लादेश में हर पावर सेंटर पर वो शख्स बैठाया जा सकता है. जो पाकिस्तान की कठपुतली है. बांग्लादेश के कथित छात्र आंदोलन ने एक नई कैबिनेट बनाने की भी मांग उठाई है. इस मांग को अब संविधान में बदलाव से जोड़ा जा रहा है. अगर इस मांग को माना गया तो इस्लामी छात्र शिबिर, जमात ए इस्लामी, हिफाजत ए इस्लाम, इस्लामी आंदोलन से जुड़े लोगों को नई कैबिनेट में अहम पद दिए जा सकते हैं. इस तीसरी आशंका से बांग्लादेश का बुद्धिजीवी वर्ग डरा हुआ है. अगर बांग्लादेश के सिस्टम में भी कट्टरपंथियों की एंट्री हो गई. तो बांग्लादेश एक तानाशाही व्यवस्था में तब्दील हो जाएगा. अब सबकी नजरें 31 दिसंबर की तारीख और 3 बजे के वक्त पर टिकी हैं।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

## ग्राम पंचायत सिंहासा में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर का

# सफल आयोजन

आदित्य शर्मा
8224951278





ग्राम पंचायत सिंहासा में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

शिविर में माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे लाडली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिलीप जी पटेल (जिला पंचायत सदस्य), मुकेश जी यादव (जनपद सदस्य), नारायण चौहान (सरपंच ग्राम पंचायत सिंहासा), अर्जुन भीम सिंह राठौड़ (उप सरपंच ग्राम पंचायत सिंहासा) और प्रह्लाद नील (सचिव ग्राम पंचायत सिंहासा) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। जनकल्याण शिविर ने ग्राम वासियों के जीवन में नया उत्साह और भरोसा जगाया।

# अलर्ट इंदौर



40 साल बाद भोपाल से पीथमपुर शिफ्ट हो रहा है यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा भोपाल से विशेषज्ञों की निगरानी में पैकिंग शुरू; 2 जनवरी तक 337 टन कचरा 250 किलोमीटर दूर पीथमपुर लाया जा रहा है. पीथमपुर में कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 200 किलोमीटर के दायरे को सील कर दिया गया है, कचरा के अलावा प्रदूषण धूल मिट्टी भी पीथमपुर लाई जा रही है. भविष्य में कचरे के प्रदूषण से हो सकती है भारी पर्यावरण आधारित क्षति।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपत्ति कर 31 दिसंबर तक जमा कर, 1 जनवरी से लगने वाले सरचार्ज से बचें

**महापौर व आयुक्त द्वारा बकाया संपत्ति कर जमा करने की अपील**



**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री शिवम वर्मा एवं राजस्व प्रभारी श्री निरंजनसिंह चौहान ने शहर के सभी करदाताओं से अपील की है।**

वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपत्ति कर दिनांक 31 दिसंबर 2024 तक अवश्य जमा करें। उन्होने बताया कि 1 जनवरी 2025 से वर्ष 2024- 25 के संपतिकर पर सरचार्ज लागू हो जाएगा। करदाताओं से अपील की जाती है कि वे सरचार्ज से बचने के लिए समय पर कर का भुगतान करें। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के सभी झोनल कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय और निगम मुख्यालय स्थित समस्त कैश काउंटर 31 दिसंबर को देर तक खुले रहेंगे, ताकि करदाताओं को भुगतान में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## महिलाओं के लिए DTC बस नहीं रोकने पर कंडक्टर-ड्राइवर होंगे सस्पेंड- CM आतिशी

आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली की CM आतिशी ने कहा है कि दिल्ली सरकार को और मुझे व्यक्तिगत तौर पर शिकायत मिल रही थी कि DTC और कलस्टर बस ड्राइवर महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते हैं और आगे निकल जाते हैं दिल्ली सरकार महिलाओं को आश्वस्त करना चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं यात्रा करें. दिल्ली सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है. महिलाएं काम पर जाएंगी, लड़कियां स्कूल और



कॉलेज जाएंगी महिलाओं के कामकाजी होने से अर्थव्यवस्था का विकास होता है हमने दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग की तरफ से आदेश निकलवाया है और आदेश दिया है कि अगर किसी ड्राइवर या कंडक्टर जो ने महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकी तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी बस ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड किया जाएगा।

# संस्था सर्वधर्म के अध्यक्ष श्री मंजूर बेग जी

को... अवतरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

"आपका नेतृत्व और समर्पण समाज को नई दिशा प्रदान करता है।"
ईश्वर आपको स्वस्थ, समृद्ध और दीर्घायु जीवन प्रदान करें।



"संस्था सर्वधर्म के प्रेरणास्त्रोत, मार्गदर्शक और समाजसेवा के प्रतीक श्री मंजूर बेग जी को उनके अवतरण दिवस पर ढेरों शुभकामनाएं"
रंजीत टाइम्स परिवार



# दिव्यांग बच्चों के बीच सेवाकार्य के साथ मंजूर बेग ने अपना जन्मदिन मनाया

आदित्य शर्मा (रंजीत टाइम्स)





**सेवा, स्वाभाविमान और आत्मसम्मान के साथ जीने वाले मंज़ूर बेग सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष हैं। साल के आखिरी दिन उनका जन्मदिन आता है। जन्मदिन को वह हमेशा सार्थक सन्देश से मनाने की पहल करते हैं।**

इंदौर। आम तौर पर आधी रात को केक कटिंग के साथ जन्मदिन की पार्टी शुरू होती है। लेकिन मंजूर बेग ने अपने जन्मदिन की शुरुआत दोपहर में निराश्रित, दिव्यांग, मंदबुद्धि बच्चों की शरणस्थली अनुभूति विज्ञन सेवा संस्थान आश्रम पर सेवा कार्य के साथ की। वे अपने दोस्तों-स्नेहीजनों के साथ बच्चों के लिए फल, मिठाई, कम्बल और उपहार लेकर अनुभूति विज़्न सेवा आश्रम पहुंचे। इस मौके पर आयोजित समारोह में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संत अरूणानंद गुरुदेव महाराज, मौलाना युनुस साहब ने जन्मदिन को ज़रूरतमंद बच्चो के बीच मनाने की सराहना की।

संस्था उपाध्यक्ष रियाज खान ने सभी का स्वागत किया। बच्चों के बीच जब केक काटा गया तो आश्रम की बालिकाओं ने बार-बार दिन यह आये गीत गाकर अपने अंदाज से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद भोजन कक्ष पहुंच मंज़ूर बेग व मित्रों ने आश्रम के बच्चों को अपने हाथ से भोजन परोसा।

कार्यक्रम में एजाज कुरैशी, मुकेश बजाज, गोलू शेख, यूनुस खान, सोहेल पठान, समीर बेग, याकूब खान, जफर खान, जहीन कुरैशी, जावेद खान, अनस लोधी आदि ने मंज़ूर बेग का स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। प्रारंभ में संस्थान की चंचल सलारिया ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम का संचालन ताहिर कमाल सिद्दीकी ने किया। आभार मानते हुए मंज़ूर बेग ने कहा दिव्यांग बच्चों के बीच इंसानियत व मानवता का रिश्ता उन्हें यहां खींच लाया। मंज़ूर बेग राजनीतिक स्तर पर ही नहीं बल्कि सामाजिक स्तर पर भी रिश्तों को अपने अंदाज से जीते हैं और निभाते हैं। जन्मदिन के मौकों पर जो सुकून बड़ी महंगी पार्टियों में नहीं मिलता वह सुकून इन अभाव ग्रस्त बच्चों के बीच महसूस हुआ।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर

# प्रशिक्षण एवं जागरूकता सेल में निभा रहे अहम भूमिका






इंदौर, क्राइम ब्रांचः इंदौर पुलिस के क्राइम ब्रांच विभाग में कार्यरत सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर ने प्रशिक्षण एवं जागरूकता सेल के माध्यम से समाज में सुरक्षा और जागरूकता की नई मिसाल पेश की है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने न केवल पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र को मजबूत किया है, बल्कि आम जनता को भी अपराध के प्रति सजग किया है।



**प्रमुख कार्यः**

1. अपराध रोकथाम के लिए जागरूकता अभियानः शिवम ठक्कर ने नियमित तौर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को अपराध के खतरों और उससे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करना है।

2. पुलिसकर्मियों को उन्नत प्रशिक्षणः उन्होंने क्राइम ब्रांच के कर्मियों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया। उनके प्रयासों ने पुलिस बल को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया है।

3. नागरिकों और युवाओं के लिए कानून जागरूकताः शिवम ठक्कर ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें कानून का महत्व और सुरक्षा के प्रति उनकी भूमिका को उजागर किया गया।

समाज पर प्रभावः उनकी पहल ने समाज के विभिन्न वर्गों में एक सकारात्मक संदेश पहुंचाया है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता सेल के माध्यम से, वे नागरिकों को एकजुट करने और अपराध को जड़ से समाप्त करने के लिए काम कर रहे हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और जनसंपर्क ने क्राइम ब्रांच के प्रयासों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

शिवम ठक्कर का संदेशः "सुरक्षित समाज का निर्माण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता और प्रशिक्षण से हम अपराध को जड़ से खत्म कर सकते हैं। साथ ही, हमें मिलकर समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होगा।"

**विशेष रिपोर्ट**

इस योगदान पर रणजीत टाइम्स के पत्रकार दीपक वाडेकर ने उनकी मेहनत और उपलब्धियों को विस्तार से कवर किया है। इस विशेष रिपोर्ट में उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा की गई है, जो आने वाले समय में अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं।

**पूरा लेख पढ़ने के लिएः**

रंजीत टाइम्स का आगामी संस्करण जरूर पढ़ें।
रणजीत टाइम्स - खबर वही, जो सच बताए।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज




## शिमला में सार्वजनिक शौचालयों में 5 रूपए भरनी होगी फीस व्यापारियों के बनेंगे पास


हर महीने चुकाने होंगे 150 रुपए शिमला में सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल पर अब महिला और पुरुष दोनों को पांच रुपए शुल्क चुकाना होगा। नगर निगम नए साल से शहर के 130 सार्वजनिक शौचालयों में शुल्क वसूली की व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। ऐसी व्यवस्था लागू करने वाला शिमला हिमाचल प्रदेश का पहला शहर बन जाएगा। शहर के कारोबारी भी इसके दायरे में आएंगे। ये 150 रुपए मासिक शुल्क देकर नगर निगम से पास बनवा सकते हैं। पास दिखाकर कारोबारी और इनके सेल्समैन महीने भर तक सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल कर सकेंगे । निगम प्रशासन के अनुसार शहर में अभी 130 सार्वजनिक शौचालय हैं। ज्यादातर शौचालयों में कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। कुछ दिन पहले प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने महिलाओं को भी निःशुल्क यूरिनल की सुविधा दे दी थी, लेकिन फिर भी महिलाओं से पैसे लिए जा रहे थे। शहर में सुलभ इंटरनेशनल सार्वजनिक शौचालयों का संचालन कर रही है। इसके एवज में निगम को हर माह 2.44 लाख रुपए देने पड़ रहे हैं।

## कौन हैं यशस्वी को आउट देने वाले अंपायरयशस्वी को बेइमानी से आउट देने वाले तीसरे अंपायर का नाम शरफुद्दौला सैकत है

उनका जन्म 16 अक्तूबर 1976 को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हुआ था। वे एक पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं जो मूल रूप से बाएं हाथ के लेग स्पिनर रहे। उन्होंने 2000 से 2001 के बीच ढाका मेट्रोपोलिस के लिए 10 मैच खेले। क्रिकेटर के तौर पर ज्यादा सफलता न मिलने के बाद शरफुद्दौला ने अंपायरिंग में अपना करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने फरवरी 2007 में बारिसल डिवीजन और सिलहट डिवीजन के बीच खेले गए अंपायरिंग की शुरुआत की थी। जनवरी 2010 में उन्हें बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग करने का मौका मिला था। इस साल की शुरुआत में शरफुद्दौला को ICC अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया गया था।


रणजीत टाइम्स
चलो ज़िन्दगी का नया सफ़र शुरू करते हैं, 2024 को विदा करते हैं।
अलविदा
2024

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अखबार








# साइबर फ्रॉड से बचें

## इंदौर पुलिस की सख्त चेतावनी

**रणजीत टाइम्स**


इंदौर क्राइम ब्रांच ने नागरिकों को नए साल की ऑफर्स और नकली लिंक के नाम पर हो रहे साइबर फ्रॉड से सावधान रहने की अपील की है। क्राइम ब्रांच ने बताया है कि धोखेबाज इन दिनों लोगों को झूठे वादों और नकली ऑफर्स के माध्यम से उनके बैंक खातों की जानकारी चुरा रहे हैं।

### खतरा कैसे बढ़ रहा है?

धोखेबाज फर्जी संदेश या कॉल करके बैंक अकाउंट अपडेट, ऑफर्स, या रिवार्ड के नाम पर लिंक भेजते हैं। जैसे ही लोग इन लिंक पर क्लिक करते हैं, उनका बैंक अकाउंट खाली हो जाता है।

### इंदौर पुलिस का संदेश:

किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें।




अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, या पिन किसी के साथ साझा न करें।

धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें।

### संपर्क करें:

साइबर हेल्पलाइन नंबर: 1930

इंदौर साइबर हेल्पलाइन: 70491 24445 ऑनलाइन शिकायत के लिए: www.cybercrime.gov.in

### रणजीत टाइम्स की अपील:

साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को देखते हुए, सतर्कता और सावधानी ही आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। अपनी जानकारी गोपनीय रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत करें।

रणजीत टाइम्स–सच्ची खबर, सही समय।

# इंदौर स्टेशन के साथ-साथ

## लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन भी होगा विकसित

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र पर 105 करोड़ से अधिक के काम जारी इंदौर के मैन रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट का काम अगले महीने से शुरू होने वाला है। यहां एक वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए सांसद शंकर लालवानी ने लक्ष्मीबाई नगर एवं महू रेलवे स्टेशन को विकल्प के तौर पर तैयार करवाया है।



सांसद लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन का दौरा कर यहां चल रहे कामों का जायजा लिया और अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। पूर्व में भी लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के कार्य को गति देने के लिए सांसद ने अधिकारियो के साथ मिलकर दौरा किया था।

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए 105 करोड रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं। इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन का रीडेवलपमेंट कार्य अगले महीने से शुरू हो रहा है। उसके पहले लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए 105 करोड रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं।

लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर दो मंजिला स्टेशन बिल्डिंग, दो नए प्लेटफार्म, दो फुट ओवर ब्रिज, 8 लिफ्ट, अतिरिक्त लूप लाइन, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, सुविधागृह, पार्किंग, पीने के पानी की सुविधा, पार्सल ऑफिस, फ़ूड प्लाजा, क्लॉक रूम, बेबी केयर रूम, एटीएम मशीन समेत कई सुविधाएं होंगी।

## क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के अखिल भारतीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन में

# देशभर के 800 युवक-युवती ने दिया परिचय,151 रिश्ते तय

**परिचय सम्मेलन में बहुरंगी स्मारिका का किया विमोचन**

### योग्य जीवनसाथी की तलाश में जुटे देश भर के युवक - युवती,दहेज न लेने का दिलाया संकल्प

**रणजीत टाइम्स -दीपक वाडेकर**

इंदौर। क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को आईटीआई स्थित महाकाल गार्डन पर आयोजित हुआ। देशभर के 800 से अधिक युवक-युवतीयों ने मंच से परिचय दिया,151 रिश्ते तय हुए, तकरीबन 250 से ज्यादा रिश्तों पर चर्चा चली।



सेना प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर चंदू, मिलिंद दिघे,स्वाति मोहिते ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ संत अन्ना महाराज, संत विवेक वर्वे गुरुजी, विधायक रमेश मेंदोला,संतोष देशमुख, सतीश पवार, सुबोध कांटे चंदू शिंदे, सुरजीत सिंह वालिया, नीलम पवार ने दीप प्रज्वलन करके वेद मंत्रों के बीच किया। बहुरंगी स्मारिका का विमोचन हुआ, स्मारिका में सभी युवक युवतियों की जानकारी प्रकाशित की गई। सम्मेलन में महाराष्ट्र मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश,आंध्र प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, , बंगाल,देहरादून, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देशभर के विभिन्न राज्यों से 800 से अधिक युवक - युवतीयों ने मंच से परिचय देकर जीवनसाथी को लेकर अपनी पसंद बताई। हाईटेक परिचय सम्मेलन में डॉक्टर,अधिकारी, पुलिस, इंजीनियर,सहित अन्य युवक-युवतियों ने मंच पर आकर शिक्षा के साथ पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी साझा की। मंच पर परिचय देने के बाद युवक - युवतियों के परिजनों ने आपस में चर्चा की। शाम 5 बजे तक 151 रिश्ते तय हुए और तकरीबन 250 से ज्यादा रिश्तों पर चर्चा चली। सम्मेलन सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। दहेज न लेने का संकल्प दिलवाया।

रिया करण कुंजीर,निहारिका कुंजीर ने बताया कि सम्मेलन में पूरे देश भर के तकरीबन 4 हजार से अधिक समाजजन सम्मिलित हुए। सम्मेलन के लिए विभिन्न समितियां के 150 से ज्यादा समाजजनो ने व्यवस्था संभाली। जिसमे मातृशक्तियों ने भी आयोजन की व्यवस्था संभाली। अगले वर्ष 2025 में परिचय सम्मेलन के साथ ही सामूहिक विवाह करने की भी घोषणा की गई।

इस अवसर पर प्रमोद गोरे, करण कुंजीर, संगीता काले, राजश्री इसके,निशा किरण पवार, कविता चौपाड़कर सहित अन्य मौजूद थे। संचालन मिलिंद दिघे ने किया।



# मायापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रिपल मर्डर

## एक पुरुष और 2 महिलाओं की निर्मम हत्या,गला घोटकर हत्या फिर साडी से लटका गए

## तिहरे हत्याकांड के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**रणजीत टाइम्स - जगदीश पाल**







शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के मायापुर थाना सीमा में आने वाले एक गांव में एक ही रात में 3 हत्या का मामला प्रकाश में आया है। गांव में रहने वाले बुजुर्ग पति—पत्नि सहित उनके पड़ोस में रहने वाली एक 60 साल की महिला अपने घर में मरी मिली है। तीनो की एक ही प्रकार से गला घोटकर हत्या की है फिर तीनो के गले में साड़ी बांधकर लटका दिया है। हत्या के बाद महिलाओं के गहने लूटे है वही घर में रखा नकदी भी गायब है।

जानकारी के अनुसार मायापुर थाना सीमा में आने वाली पडोरा पंचायत का मुजरा राउटोरा गांव में निवास करने वाले सीताराम लोधी उम्र 65 साल और उनकी पत्नी मुन्नी लोधी आज सुबह घर में मृत अवस्था मे मिले है वही सीताराम लोधी के पास में रहने वाली सुरजमुखी भी अपने घर में मृत अवस्था में मिली है,सुबह जब सीताराम लोधी के पास उनका 10 साल का नाती आया तो यह दोनो उसे मरे हुए मिले थे।

बताया जा रहा है कि यह बुजुर्ग दंपत्ति अपने परिवार से अलग कुछ सालो से रोड पर मकान बनाकर रह रहे थे। इनका बेटे और अन्य परिजन गांव में पुस्तैनी मकान मे रहते थे,इनका 10 साल का नाती इनकी देख रेख में आता जाता रहता था।

### सालो से बीमार है बिस्तर में ही था सीताराम लोधी

जानकारी के अनुसार सीताराम लोधी पिछले कई सालो से बीमार थे और उनका शरीर काम नहीं करता था इस कारण वह बिस्तर पर ही पड रहते थे,सीताराम लोधी के भतीजे सुरेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि ताऊ बीमार थे,उनका शरीर काम नहीं करता था चलने फिरने में असमर्थ थे केवल बोल और सुन नही पाते थे। ताई उनकी सेवा में लगी रहती थी। वह शराब का कारोबार करते थे,लेकिन बीमार होने के बाद उनका यह काम लगभग बंद हो गया था।

### जहां सोते थे वहां मिली तीनो की लाश

सीताराम की पत्नी मुन्नी बाई खटिया पर सोती थी,सबसे पहले उसकी हत्या की गई होगी,क्राईम सीन बताया कि मुन्नी बाई के कपडे फटे मिले है,मुन्नी बाई ने मरने से पहले संघर्ष किया होगा,मुन्नी बाई की कनपटी पर कुल्हाड़ी के उल्टी तरफ से बार किया गया है उसके बाद गला घोटकर हत्या की है और गले में साडी का फंदा बनाकर टांग पाटौर की मोटी लकडी से टांग दिया। हत्यारो ने सीताराम लोधी की गला दबाकर हत्या की है,सीताराम लोधी के गले पर निशान बताए जा रहे है। फिर साड़ी से बांधा है। कुल्हाड़ी भी घटनास्थल पर पड़ी मिली है। सीताराम के घर से मात्र कुछ फुट की दूरी पर सूरजमुखी लोधी का घर है सूरजमुखी की हत्या गला घोट कर की है,उसे भी साड़ी से बांधा गया है। दोनों महिलाओं के नाक के काटे गायब है और सीताराम के घर से 70 हजार रुपए भी गायब बताए जा रहे है,अनुमान लगाया जा रहा है कि एसपी मौके पर पहुंचे घटना स्थल पर अनुविभागीय अधिकारी पिछोर प्रशांत शर्मा और पुलिस अधीक्षक अमनसिंह राठोड़ पहुच गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी। लेकिन अभी तक हत्या के कारण और हत्यारे की पहचान के बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

---

### गाजा में इजरायली हमले लगातार जारी हैं

IDF के ताजा हमले में 27 फिलिस्तिनियों की मौत हो गई, जबकि 150 से अधिक लोग घायल हुए हैं. मरने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है. इससे पहले रविवार को हमास के नाम पर फिर से एक अस्पताल को निशाना बनाया गया।

### गंभीर प्रकृति की आपदा

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से केरल के वायनाड भूस्खलन त्रासदी को गंभीर प्रकृति की आपदा के रूप में मान्यता दे दी गई है. वहीं, वनायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा है कि गृह मंत्री अमित शाह की ओर से लिया गया यह फैसला निश्चित रूप से सही दिशा में उठाया गया कदम है।

## श्रीमद्भगवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष आदि कथाओं का वर्णन किया

**रणजीत टाइम्स - ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी शहर की पुरानी शिवपुरी स्थित कुशवाहा मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास बाल व्यास पं. रोहित शास्त्री जी ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। आयोजन समिति के सदस्य ने बताया कि पंच कुंडीय हवन यज्ञ होगा इसके उपरांत कथा व्यास बाल व्यास पं. रोहित शास्त्री जी से आशीर्वचन एवं विदाई । विशाल भण्डारे का आयोजन 12 बजे से होगा जिसमें सभी भक्तजन प्रसाद ग्रहण करेंगे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )